Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give compensation to farmers whose crops were damaged by Locust in Rajasthan.

श्री निहाल चन्द चौहान : मैं राजस्थान प्रदेश से आता हूं और राजस्थान प्रदेश में पिछले दिनों टिड्डियों द्वारा किसानों की पूरी फसल को तबाह कर दिया गया है। राजस्थान प्रदेश की करीबन 90 हजार एकड़ भूमि की फसलों को टिड्डीयां खा चुकी हैं। सारी की सारी फसलें नष्ट हो चुकी हैं। इन टिड्डियों का विशाल दल मेरे संसदीय क्षेत्र श्री गंगानगर और हुनमानगढ़ में भी पहुंचा। वहां सारी की सारी फसलें खराब हो चुकी हैं। खरीफ़ की फसल ओला वृष्टि के कारण खराब हुई है और रबी की फसल टिड्डियों की वजह से तबाह हो गई है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करना चाहूंगा कि पिछले दिनों टिड्डियों के कारण जो अरबों रुपये की फसलें खराब हुई थीं, राजस्थान सरकार उसका सर्वे करवाकर उसका मुआवजा दे।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री दुष्यंत सिंह और श्री देवजी पटेल को श्री निहाल चन्द चौहान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री हसनैन मसूदी जी ।

…(व्यवधान)